दिनांक 25.10.2018

निगम आयुक्त श्री एस के सुंदरानी के निर्देशन में जोन क्र.02 वैशाली नगर कार्यालय अंतर्गत अनुपस्थित पाये गये 27 प्लेसमेंट सफाई कर्मचारी को कार्य से पृथक किया गया ।

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस के सुंदरानी ने गत दिनो समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया था कि वे साफ–सफाइ व्यवस्था को लेकर निगम क्षेत्र के सभी जोन कार्यालय का नियमित रूप से दौरा कर तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावे। आयुक्त महोदय के आदेशानुसार श्री आई एल यादव स्वास्थ्य अधिकारी निगम भिलाई के द्वारा आज प्रातः विभिन्न वार्डा का दौरा करते हुए जोनक्र.02 वैशाली नगर पहुच कर सर्व प्रथम श्री यादव के द्वारा निष्ठा एप से उपस्थिति चेक किया गया। जिसमे कुल 27 प्लेसमेंट के कर्मचारियों अनुपस्थित पाये गये। जिसकी सूचना तत्काल दुरभाष पर निगम आयुक्त का दी।आयुक्त महोदय से चर्चा अनुसार कार्य में अनुपस्थित पाये गये कर्मचारियों को तत्काल कार्य से पृथक करने के आदेश स्वास्थ्य अधिकारी श्री यादव का दिये गये।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी के आदेशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री आई एल यादव के द्वारा कार्य में अनुपस्थित पाये गये 27 प्लेसमेंट के सफाई कर्मचारी को कार्य से पृथक किया गया। अनुपस्थित कर्मचारियां मे वार्ड क्र.10 में 03, वार्ड क्र.11 में 02,वार्ड क्र.13 में 02,वार्ड क्र.14 में 05,वार्ड क्र.15में 01,वार्ड क्र.16 में 03,वार्ड क्र.18 में 05,वार्ड क्र.19 में 01,वार्ड क्र.26 में 04,वार्ड क्र.27में 01 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये।जिन्ह कार्य से सेवा मुक्त किया गया।

श्री यादव जोन क्र.06 रिसाली कार्यालय के अंतर्गत नेवई ट्रेचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक एवं स्वास्थ्य अमले का निर्देशित किया गया कि ट्रेचिंग ग्राउंड मे व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये जाने हेतु अतिरिक्त कर्मचारी रखने एवं ग्राउंड में आने वाले गीले कचरे के लिए ट्रेचिंग ग्राउंड में ही कम्पोस्ट बनाने के लिए निर्देश दिये गये।

जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई